# ईरान में 'हिजाब कानून' को खुली चुनौती



बिना स्कार्फ हजारों महिलाएं 10 किलोमीटर तक दौड़ीं

**नवभारत न्यूज नेटवर्क**
**तेहरान, 19 सितंबर. ईरान में कानून के तहत हिजाब पहनना अनिवार्य है. लेकिन हाल ही में राजधानी तेहरान में महिलाएं बिना हिजाब या स्कार्फ पहने ही 10 किलोमीटर की दौड़ में हिस्सा लेती नजर आईं.**

वेलायत पार्क में हुई 'तेहरान 10के' दौड़ में कई महिलाओं को बिना सिर ढके दौड़ते देखा गया. तेहरान में आयोजकों ने पुरुषों और महिलाओं के लिए अलग-अलग दौड़ का आयोजन किया था, जिसमें महिलाओं की दौड़ में 10 किलोमीटर के कोर्स के दो चक्कर शामिल थे. बिना हिजाब के दौड़ने वाली महिलाओं के कुछ वीडियो सरकार के सोशल मीडिया अकाउंट्स पर भी शेयर किए गए. इससे पहले किश द्वीप पर महिलाओं की सड़क दौड़ का आयोजन किया था, तब उन प्रतिभागियों पर कार्रवाई हुई थी, जिन्होंने बिना सिर पर स्कार्फ पहने दौड़ में हिस्सा लिया था.रोड रेस और सरकार की रैली भले ही एक ही दिन हुई थी, इन दोनों कार्यक्रमों का आपस में कोई संबंध नहीं था. बिना हिजाब के भागने वाली महिलाओं के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं हुई है. 2022 में 'महिला, जीवन, स्वतंत्रता' विरोध प्रदर्शनों के बाद से कई बार ऐसा देखा गया है कि ईरानी महिलाएं सार्वजनिक जगहों पर बिना सिर पर स्कार्फ पहने दिखती हैं. ये विरोध प्रदर्शन मोरालिटी पुलिस की हिरासत में महसा 'जीना' अमीनी की मौत के बाद शुरू हुए थे. हालांकि ईरान की सड़कों और कुछ सार्वजनिक जगहों पर बिना सिर ढके दिखना आम हो गया है.

# ट्रंप ने फिर लागू की 1 लाख डॉलर की एच-1बी फीस

- आदेश के बाद एच-1बी स्पॉन्सर भी जांच के घेरे में
- कर्मियों की छंटनी करने वालों की भी होगी जांच



**वाशिंगटन, 19 सितंबर ( एजेंसी ). राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कुछ एच-1बी वीजा आवेदनों के लिए 100,000 डॉलर की फीस को फिर से लागू कर दिया है और अमेरिकी कर्मचारियों की छंटनी करने वाले नियोक्ताओं की कड़ी जांच के आदेश दिए हैं.**

इन उपायों में फीस रिन्यूअल के साथ-साथ स्पॉन्सर करने वाले एम्प्लॉयर के रोजगार से जुड़े तौर-तरीकों की नई जांच भी शामिल है. स्किल्ड-वर्कर वीजा प्रोग्राम के तहत आवेदनों की समीक्षा करते समय एजेंसियों को हाल ही में हुई और भविष्य में होने वाली छंटनी पर विचार करना होगा.

एग्जीक्यूटिव ऑर्डर में स्टेट, लेबर और होमलैंड सिक्योरिटी सेक्रेटरी को यह देखने का निर्देश दिया गया है कि क्या एम्प्लॉयर ने पिछले साल सीधे या परोक्ष रूप से छंटनी की थी, या क्या वे भविष्य में ऐसी कटौती की योजना बना रहे हैं जिससे उसी तरह की स्थिति वाले अमेरिकी वर्कर प्रभावित होंगे. यह जरूरत लेबर कंडीशन एप्लीकेशन, याचिकाओं, वीजा और अमेरिका में प्रवेश पर लागू होती है. ऑर्डर में केवल इसलिए आवेदन को अपने-आप अस्वीकार करने की बात नहीं कही गई है कि एम्प्लॉयर ने छंटनी की घोषणा की है. इसमें रिन्यूअल की अवधि या छूट के बारे में विस्तार से नहीं बताया गया. ऑर्डर में लेबर सेक्रेटरी के लिए 30 दिन की समय-सीमा भी तय की गई है, जिससे वे वेज एंड आवर डिवीजन के जरिए पहले जमा किए गए लेबर कंडीशन एप्लीकेशन के डेटा की समीक्षा शुरू कर सकें. समीक्षा से यह तय होगा कि क्या स्पॉन्सर करने वाले एम्प्लॉयर के खिलाफ आगे कोई कार्रवाई जरूरी है. एच-1बी मामलों की प्रोसेसिंग करते समय स्टेट, लेबर और होमलैंड सिक्योरिटी विभागों को कॉमर्स और एजुकेशन विभागों तथा स्मॉल बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन से सलाह लेनी होगी.

**2025 में हुआ था लागू**

ट्रंप ने ऑर्डर में कहा, 'मैंने तय किया है कि अमेरिकी वर्कफोर्स की सुरक्षा और उन्हें प्राथमिकता देने के लिए लगातार प्रयास किए जाने चाहिए.' व्हाइट हाउस ने कहा कि एक अलग घोषणापत्र के जरिए 19 सितंबर, 2025 को पहली बार लागू की गई 100,000 डॉलर की फीस की जरूरत को रिन्यू किया गया. इसकी फैक्ट शीट में बताया गया कि यह शुल्क कुछ एच-1बी आवेदनों पर लागू होता है.

## तीन मीडिया संगठनों को व्हाइट हाउस से किया बाहर

**वाशिंगटन.** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सीएनएन, एमएस नाउ और पॉलिटिको को व्हाइट हाउस से प्रतिबंधित करने की घोषणा की है. ट्रंप ने 18 सितंबर को सोशल मीडिया पोस्ट में इन संस्थानों पर उनके प्रशासन और अमेरिका से जुड़ी खबरों में 'फेक न्यूज' तथा 'झूठी'/'काल्पनिक' खबरें प्रकाशित करने का आरोप लगाया. उन्होंने संकेत दिया कि अन्य मीडिया संस्थानों पर भी इसी तरह की कार्रवाई की जा सकती है. ट्रंप के इस कदम पर व्हाइट हाउस कॉरेस्पॉन्डेंट्स एसोसिएशन ने आपत्ति जताई है. संगठन की अध्यक्ष और फॉक्स न्यूज की संवाददाता जैकी हेनरिक ने कहा कि संविधान प्रेस को सरकारी हस्तक्षेप से स्वतंत्रता प्रदान करता है. उनके अनुसार, यह संरक्षण इस बात पर निर्भर नहीं करता कि राष्ट्रपति किसी समाचार संगठन की रिपोर्टिंग से सहमत हैं या उसके पत्रकारों के सवाल पसंद करते हैं. डब्ल्यूएचसीए ने कहा कि मामला केवल पत्रकारों के अधिकारों तक सीमित नहीं है. संगठन के अनुसार, अमेरिकी जनता को राष्ट्रपति और सरकार की गतिविधियों, नीतियों तथा फैसलों की स्वतंत्र जानकारी मिलना भी इससे जुड़ा है. हेनरिक ने सीएनएन, एमएस नाउ और पॉलिटिको के पत्रकारों के प्रति संगठन का समर्थन जताया. ट्रंप ने व्हाइट हाउस में पत्रकारों से बातचीत के दौरान अपने फैसले का बचाव किया.

# होर्डिंग दिखे इसलिए काट डाले 55 पेड़

- सिर्फ 10 हजार में हुआ था सौदा, एक रात में साफ
- एड एजेंसी का मालिक समेत 6 गिरफ्तार

**नवभारत न्यूज**
**नासिक, 19 सितंबर. नासिक के गंगापुर रोड पर पेड़ों की कटाई के मामले ने अब नया मोड़ ले लिया है. जेहान सर्कल और बेंडकुले नगर के बीच डिवाइडर पर लगे 55 पेड़ों को रातों-रात काट दिया गया.**

मामला सामने आने के बाद गंगापुर पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई गई और जांच शुरू हुई. शुरुआती जांच में सामने आया है कि ये पेड़ स्ट्रीट लाइट पर लगे डबल विज्ञापन होर्डिंग्स और सड़क से गुजरने वाले वाहन चालकों के बीच आ रहे थे. आरोप है कि होर्डिंग्स को साफ दिखाई देने के लिए पेड़ों को हटाने का फैसला किया गया. सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि इन पेड़ों को काटने के लिए कथित तौर पर सिर्फ 10 हजार रुपये दिए गए.



जिन पेड़ों को काटा गया, उनकी उम्र करीब 8 से 12 साल बताई गई है. ये पेड़ गंगापुर रोड के डिवाइडर पर लगाए गए थे. इनके पीछे सड़क पर छाया और सुंदरता बनाए रखने का उद्देश्य था. विज्ञापन बोर्ड दिखाई नहीं देने की वजह से पेड़ों को हटाने की बात सामने आई है. इसी एंगल पर पुलिस अब पूरे मामले की जांच कर रही है. शिकायतकर्ता श्रीकांत इरनाक की शिकायत के आधार पर गंगापुर पुलिस स्टेशन में एफआईआर दर्ज की गई है.जांच में विज्ञापन एजेंसी से जुड़े लोगों की भूमिका सामने आई है. मच्छिंद्र देशमुख एक प्राइवेट एडवरटाइजिंग एजेंसी का डायरेक्टर है. यह एजेंसी नगर निगम और दूसरी प्राइवेट संस्थाओं के विज्ञापन करती है.

# बांग्लादेशी होने के संदेह में बंद करना बंगाल को पड़ा भारी

## सरकार को कोलकाता हाई कोर्ट ने लगाई फटकार



**नवभारत न्यूज नेटवर्क**
**कोलकाता, 19 सितंबर. कलकत्ता उच्च न्यायालय ने मुर्शिदाबाद के एक निवासी को बिना कोई वैध कारण बताए एक महीने से अधिक समय तक हिरासत में रखने पर पश्चिम बंगाल सरकार को कड़ी फटकार लगाई है.**

हिरासत में लिए गए व्यक्ति पर बांग्लादेशी होने का संदेह है. मामले की सुनवाई करते हुए न्यायमूर्ति सौगत भट्टाचार्य ने राज्य सरकार के रुख पर तीखे सवाल उठाए और मानवाधिकारों की रक्षा की वकालत की.

अदालत ने सरकार को याद दिलाया कि 1970 और 1980 के दशक में बड़ी संख्या में लोगों ने सीमा पार की थी. सरकार के वकील से सवाल करते हुए न्यायमूर्ति भट्टाचार्य ने पूछा कि अब आप क्या करेंगे, क्या आप मानवाधिकारों का उल्लंघन करते हुए इस तरह से सभी के खिलाफ कार्रवाई शुरू करेंगे.

# उग्रवादियों से निपटेंगे कोबरा

## मणिपुर में हिंसा और तनाव के बीच केंद्र ने उठाया नया कदम



**नवभारत न्यूज नेटवर्क**
**इंफाल, 19 सितंबर. मणिपुर में हिंसा और कानून-व्यवस्था से जुड़ी चुनौतियों के बीच उग्रवादी संगठनों की गतिविधियों पर सुरक्षा एजेंसियों की निगरानी बढ़ाई गई है.**

सुरक्षा अभियान को मजबूत करने के लिए केंद्र ने असम रायफल के बाद कोबरा कमांडो की तैनाती भी कर दी है. कोबरा केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल की विशेष युद्धक इकाई है और दुर्गम इलाकों में अभियानों के लिए प्रशिक्षित है. मणिपुर में इन जवानों की मौजूदगी का उद्देश्य कठिन भौगोलिक क्षेत्रों में सुरक्षा बलों की क्षमता बढ़ाना तथा संदिग्ध उग्रवादी गतिविधियों पर निगरानी मजबूत करना है. केंद्रीय और स्थानीय खुफिया एजेंसियों को संभावित ठिकानों, कैडरों की आवाजाही तथा हिंसक घटनाओं से संबंधों के बारे में जानकारी जुटाने के निर्देश दिए गए हैं. उपलब्ध सूचनाओं का आकलन करने के बाद उन क्षेत्रों की पहचान की जा रही है, जहां सुरक्षा अभियान की आवश्यकता महसूस होती है.

# चार हाईकोर्ट में 14 न्यायिक अधिकारियों की नियुक्ति

**नई दिल्ली.** केंद्र सरकार ने दिल्ली समेत चार उच्च न्यायालयों में 14 न्यायिक अधिकारियों की नियुक्ति को मंजूरी दी है. इन अधिकारियों को न्यायाधीश और अतिरिक्त न्यायाधीश के पद पर नियुक्त किया गया है. राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने भारत के मुख्य न्यायाधीश से परामर्श के बाद नियुक्तियों को मंजूरी प्रदान की. जिन उच्च न्यायालयों में नियुक्तियां की गई हैं, उनमें दिल्ली, जम्मू-कश्मीर एवं लद्दाख, झारखंड और कर्नाटक उच्च न्यायालय शामिल हैं. दिल्ली उच्च न्यायालय में दो न्यायिक अधिकारियों को न्यायाधीश नियुक्त किया गया है. इनमें निवेदिता अनिल शर्मा और निशा सहाय सक्सेना शामिल हैं.

# ममता के प्रत्याशी ना-ना करते मैदान में

- रबीउल आलम ने पहले नाम वापस लेने का किया ऐलान
- बाद में ममता के निर्देश पर चुनाव लड़ने की कही बात

**नवभारत न्यूज नेटवर्क**
**कोलकाता, 19 सितंबर. पश्चिम बंगाल के रेजीनगर विधानसभा उपचुनाव में तृणमूल कांग्रेस के उम्मीदवार रबीउल आलम चौधरी ने अपनी उम्मीदवारी वापस लेने का फैसला किया है.**

उन्होंने इसका मुख्य कारण तृणमूल कांग्रेस का पार्टी चुनाव चिह्न 'जुड़े हुए दो फूल' नहीं मिलना बताया है. इससे पहले ममता बनर्जी को खेमे को अपने ही खेमे से झटका मिला, जब नंदीग्राम सीट पर उपचुनाव के लिए टीएमसी उम्मीदवार संचिता प्रधान डे ने अपनी उम्मीदवारी वापस ले ली थी. उन्होंने यह कदम नबन्ना स्थित राज्य सचिवालय में मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी से मुलाकात के कुछ ही घंटों बाद उठाया था.



निर्वाचन आयोग से तृणमूल कांग्रेस के ममता बनर्जी के नेतृत्व वाले गुट को ममता अखिल भारतीय तृणमूल कांग्रेस' नाम मिला. वहीं, उसके प्रतिद्वंद्वी अरूप रॉय के नेतृत्व वाले गुट को 'डेमोक्रेटिक तृणमूल कांग्रेस' नाम दिया गया है.

यह फैसला पश्चिम बंगाल की दो विधानसभा सीटों पर छह अक्तूबर को होने वाले उपचुनाव से पहले आया.

# गूगल का एआई चैटबॉट खुद बन गया हैकर

## जेमिनी ने तीन कंपनियों के सिस्टम को बनाया निशाना

**सैन फ्रांसिस्को, 19 सितंबर ( एजेंसी ). गूगल का एआई मॉडल जेमिनी साइबर सुरक्षा परीक्षण के दौरान अपनी सीमाओं से बाहर निकल गया और उसने इंटरनेट का उपयोग करके तीन अलग-अलग कंपनियों के सुरक्षित सिस्टम में घुसपैठ कर ली.**

हाल में यह घटना तब हुई, जब 'इररेगुलर नाम की स्वतंत्र एआई सिक्योरिटी टेस्टिंग एजेंसी एआई मॉडल्स की साइबर सुरक्षा क्षमताओं को परख रही थी.

जेमिनी ने तीन कंपनियों के सिस्टम में घुसपैठ करने के लिए अलग-अलग तरीके अपनाए. एक मामले में जेमिनी ने सुरक्षित सिस्टम का एक्सेस पाने के लिए लगातार सही पासवर्ड का अनुमान लगाया और अंततः सिस्टम को क्रैक कर लिया. दो अन्य मामलों में, जेमिनी ने इंटरनेट पर लीक हुए डाटा का इस्तेमाल किया. लॉगिन क्रेडेंशियल्स (यूजरनेम और पासवर्ड) नका इस्तेमाल करके वह उन कंपनियों के निजी सिस्टम में दाखिल हो गया. एक्सेस हासिल करने के तुरंत बाद जेमिनी ने आगे की गतिविधि रोक दी थी.

**इससे पूर्व कई एआई मॉडल कर चुके हैं उल्लंघन**

गूगल अकेला ऐसा प्लेटफॉर्म नहीं है जहां यह देखने को मिला है. इससे पहले मेटा, ओपनएआई और एंथ्रोपिक के एआई मॉडल भी सुरक्षा जांच के दौरान अपनी सीमाओं का उल्लंघन कर चुके हैं. जुलाई में एंथ्रोपिक के क्लॉड एआई ने भी खुद-ब-खुद तीन संगठनों को हैक कर लिया था. जैसे-जैसे एआई स्वतः काम करने वाली तकनीक के रूप में विकसित हो रहे हैं, वे साइबर सुरक्षा परीक्षणों की सीमाओं को लांघकर स्वतंत्र फैसले लेने लगे हैं.

## एक नजर में

### बीजेपी विधायक पूजा पाल से 1.55 लाख की ठगी



**प्रयागराज.** कौशाम्बी की चायल विधानसभा सीट से भाजपा विधायक पूजा पाल साइबर धोखाधड़ी का शिकार हो गई हैं. उनके बैंक खाते से 22 अगस्त से 13 सितंबर के बीच कई लेनदेन के जरिए करीब 1.55 लाख रुपये निकाले जाने का मामला सामने आया है. विधायक की शिकायत पर प्रयागराज के धूमनगंज थाने में प्राथमिकी दर्ज की गई है. पुलिस मामले की जांच कर रही है. पूजा पाल का प्रयागराज के धूमनगंज स्थित यूनियन बैंक ऑफ इंडिया की शाखा में बैंक खाता है. विधायक के अनुसार, उन्हें 14 सितंबर को खाते का स्टेटमेंट देखने के दौरान ऐसे कई लेनदेन की जानकारी मिली, जो उनकी जानकारी या अनुमति के बिना किए गए थे. शिकायत के मुताबिक, अलग-अलग ट्रांजेक्शन के माध्यम से रकम खाते से बाहर गई.

### आरक्षण नीति पर पीडीपी का प्रदर्शन

**श्रीनगर.** पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) की नेता इल्तिजा मुफ्ती ने शनिवार को जम्मू-कश्मीर की आरक्षण नीति के विरोध में श्रीनगर में एक प्रदर्शन का नेतृत्व किया. इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने सामान्य वर्ग के अभ्यर्थियों के लिए अवसरों के सिमटते दायरे पर गहरी चिंता जतायी. इल्तिजा मुफ्ती ने मौजूदा आरक्षण व्यवस्था की जारी समीक्षा में अधिक पारदर्शिता की मांग की. इसके साथ ही उन्होंने सरकार से आग्रह किया कि आरक्षण नीति का परीक्षण करने और उसे तर्कसंगत बनाने के लिए गठित कैबिनेट उप-समिति के निष्कर्षों को बिना किसी विलंब के सार्वजनिक किया जाए .उन्होंने कहा कि छात्रों और नौकरी के अभ्यर्थियों को यह जानने का पूरा संवैधानिक एवं वाजिब अधिकार है कि उनके शैक्षणिक तथा रोजगार के अवसरों को सीधे प्रभावित करने वाले इस विषय पर क्या सिफारिशें की गयी हैं.

# दिल्ली एयरपोर्ट पर यात्रियों ने फिर काटा बवाल

- स्पाइसजेट की उड़ाने लेट होने से 500 यात्री प्रभावित
- दुबई फ्लाइट भी दो घंटे की देरी से हुई रवाना





**नवभारत न्यूज नेटवर्क.**
**नई दिल्ली, 19 सितंबर. दिल्ली एयरपोर्ट पर शनिवार तड़के स्पाइसजेट की कई उड़ानों के परिचालन में व्यवधान से 500 से अधिक यात्रियों को परेशानी हुई. टर्मिनल-1 से लेह और जम्मू के लिए जाने वाली चार घरेलू उड़ानें देरी से रवाना हुईं.**

इनमें लेह की तीन और जम्मू की एक फ्लाइट शामिल थी. इसके अलावा टर्मिनल-3 से दुबई जाने वाली एक अंतरराष्ट्रीय उड़ान भी निर्धारित समय के मुकाबले करीब दो घंटे बाद रवाना हुई.

सबसे अधिक देरी दिल्ली से लेह जाने वाली एसजी127 में हुई. इस उड़ान का निर्धारित प्रस्थान समय सुबह 4:50 बजे था, लेकिन यह करीब 9 बजे उड़ान भर सकी.

लेह के लिए दूसरी उड़ान एसजी121 को सुबह 6:10 बजे और तीसरी फ्लाइट एसजी125 को 8:45 बजे रवाना होना था. वहीं दिल्ली-जम्मू एसजी2160 का निर्धारित समय सुबह 7:40 बजे था और यह भी एक घंटे से अधिक विलंब से चली. तड़के करीब 2:30 बजे टर्मिनल-1 पर लेह जाने वाली उड़ानों के यात्रियों का चेक-इन शुरू करने के लिए एयरलाइन का स्टाफ निर्धारित समय पर नहीं पहुंचा. इसके कारण यात्रियों को काफी देर तक इंतजार करना पड़ा.



# एयरफोर्स ने गगन में भरे रंग

**नवभारत न्यूज**
**मेरठ, 19 सितंबर. उत्तर प्रदेश के मेरठ जिले में भारतीय वायुसेना की प्रसिद्ध 'सूर्य किरण एयरोबेटिक टीम' का दो दिवसीय बहुप्रतीक्षित एयर शो शनिवार से शुरू हो गया है.**

मोहिउद्दीनपुर स्थित न्यू इंटीग्रेटेड टाउनशिप परिसर में आयोजित इस भव्य कार्यक्रम के पहले दिन शनिवार सुबह ठीक नौ बजे जैसे ही जांबाज पायलटों ने अपने विमानों के साथ आसमान में उड़ान भरी, पूरा इलाका रोमांच और अछूत नजारों से गूंज उठा. आयोजन से एक दिन पहले शुक्रवार को वायुसेना के पांच हॉक विमानों ने मोहिउद्दीनपुर के आसमान में पूर्वाभ्यास (डिफेंस रिहर्सल) किया था. विमानों ने हवा में कलाबाजियां दिखाईं, तो नीचे खड़े लोग अवाक रह गए. नौ हॉक एमके-132 विमानों ने एक साथ आसमान में उड़ान भरी.

## आज का इतिहास

1388 : दिल्ली के सुल्तान फिरोज तुगलक तृतीय का निधन।

1831 : भाप से चलने वाली पहली बस बनाई गयी.

1856 : भारत के महान संत एवं समाज सुधारक श्री नारायण गुरु का जन्म.

1857: अंतिम मुगल बादशाह बहादुर शाह जफर ने आत्मसमर्पण किया. कैदी बनाकर लाल किले लाए गए.

1878 : मद्रास के अखबार द हिंदू के साप्ताहिक संस्करण का प्रकाशन शुरू. जी. एस. अय्यर इसके संपादक थे.

## सियासत

### दिल्ली में नाबालिग से दरिंदगी पर कांग्रेस सांसद प्रियंका ने उठाए सवाल

# महिलाओं की सुरक्षा में समाज और सरकार दोनों विफल

**नवभारत न्यूज नेटवर्क**
**नई दिल्ली, 19 सितंबर. कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी ने दिल्ली में नाबालिग बच्ची के कथित सामूहिक दुष्कर्म और हत्या के मामले पर चिंता व्यक्त की है. उन्होंने इस घटना को लेकर देश में महिला सुरक्षा की स्थिति पर गंभीर सवाल उठाए हैं.**

प्रियंका गांधी ने 'एक्स' पर एक पोस्ट के माध्यम से अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त की. दिल्ली में एक 17 साल की बच्ची के साथ क्रूरता की सारी हदें पार कर दी गईं. इसके बाद उसे बर्बरता से मार डाला गया. प्रियंका गांधी ने यह भी बताया कि कुछ ही दिनों पहले एक और नाबालिग लड़की का बलात्कार किया गया था.



उन्होंने आरोप लगाया कि देश में महिला सुरक्षा के लिए कोई जिम्मेदारी लेने को तैयार नहीं है. महिलाओं के विकास की सिर्फ खोखली बातें की जाती हैं. सैकड़ों महिलाओं पर अत्याचार और हिंसा होती है. अपराधी पर ठोस कार्रवाई की उम्मीद नहीं की जा सकती. कई मामलों में तो प्राथमिकी भी दर्ज नहीं होती है. समाज और सरकार दोनों ही महिलाओं को सुरक्षा देने में विफल रहे हैं. उन्हें स्वतंत्रता और समानता का अधिकार भी नहीं मिल पा रहा है. उन्होंने इस स्थिति को पूरी तरह से अस्वीकार्य बताया. यह दर्शाता है कि महिला सुरक्षा एक गंभीर चुनौती बनी हुई है. अपराधियों पर ठोस कार्रवाई नहीं होती है. इससे अपराधियों के हौसले बुलंद होते हैं. कई बार तो पीड़ितों की प्राथमिकी भी दर्ज नहीं की जाती. यह न्याय व्यवस्था पर सवाल खड़े करता है.

### राजभर के निशाने पर अखिलेश यादव




**लखनऊ.** यूपी के अंबेडकर नगर पहुंचे कैबिनेट मंत्री एवं सुभासपा अध्यक्ष ओम प्रकाश राजभर ने सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव और कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर निशाना साधा. उन्होंने अखिलेश यादव के नीले साफे पर तंज कसते हुए कहा कि इसे देखकर दलित समाज को सावधान हो जाना चाहिए. नीले रंग को 2 जून के स्टेट गेस्ट हाउस कांड, प्रमोशन में आरक्षण खत्म करने और महापुरुषों के नाम पर रखे जिलों व अस्पतालों के नाम बदले जाने से भी जोड़ा. साथ ही सपा सरकार के फैसलों की आलोचना की.

## हस्तियों के ट्वीट



समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भाजपा पर निशाना साधते हुए एक्स पर पोस्ट किया. उन्होंने आरोप लगाया कि कभी लोधी तो कभी निषाद समाज के नेताओं और जनप्रतिनिधियों को निशाना बनाकर भाजपा और उसकी सरकार 'पीडीए समाज' को डराना-धमकाना चाहती है. अखिलेश ने कहा कि भाजपा 2024 लोकसभा चुनाव में हुई 'महा हार' की हताशा से उबरने के लिए लोकतांत्रिक की जगह 'लठतांत्रिक' तरीके अपनाना चाहती है.



प्रसिद्ध भारतीय पेशेवर मुक्केबाज़ विजेंदर सिंह ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट साझा कर जापान में आयोजित एशियन गेम्स को लेकर सवाल उठाए. उन्होंने खिलाड़ियों के ठहरने और व्यवस्थाओं से जुड़ी समस्याओं का मुद्दा उठाया. जब एशियन गेम्स जैसे बड़े अंतरराष्ट्रीय आयोजन में ऐसी अव्यवस्थाएं सामने आ रही हैं, तो अंतरराष्ट्रीय मीडिया इन मुद्दों को प्रमुखता से कवर क्यों नहीं कर रहा है.

### महाराष्ट्र टीईटी पेपर लीक में 3500 पन्नों की चार्जशीट

**भिवंडी.** महाराष्ट्र शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) के प्रश्नपत्र लीक मामले के सिलसिले में पुलिस ने भिवंडी स्थित अदालत में 3,500 पन्नों का आरोपपत्र दाखिल किया है. अधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी है.


**कार्यालय कृषि उपज मंडी समिति सौंसर-जिला पांढुरना**

E-Mail :- awmsauchi-mp@nic.in

क्रमांक/मंडी/तौलकांटा/2026-27/ 747 सौंसर, दिनांक:- 18/09/26

**//निविदा द्वितिय आमंत्रण सूचना//**

कृषि उपज मंडी समिति सौंसर " स वर्ग" मंडी द्वारा ई-टेंडरिंग के माध्यम से स्वयं के व्यय पर बिल्ट आपरेटर एण्ड ट्रांसफर (बी.टी.ओ.) के तहत संरचना की स्थापना एवं संचालन हेतु वार्षिक प्रीमियम के आधार पर निविदा सिस्टम क्रमांक 2026-MPSAM-537208-1 के अंतर्गत ऑन लाईन निविदायें दिनांक-10-10-2026- को शाम 3:30 बजे तक आमंत्रित की जाती है, निविदा प्रपत्र एवं अन्य जानकारी निविदाकारों को म.प्र. शासन के ई-निविदा के पोर्टल https://mptenders.gov.in पर प्राप्त होगी एवं उक्त निविदा के संबंधित समस्त जानकारी मंडी बोर्ड के पोर्टल www.mpmandiboard.co.in पर भी अवलोकनीय होगी।

नोट: आवश्यक होने पर उपरोक्त निविदा सूचना से संबंधित किसी भी प्राकर की संशोधन सूचना अथवा अन्य जानकारी केवल उपरोक्तानुसार पोर्टल पर प्रदर्शित की जावेगी।

**सचिव**
**कृषि उपज मंडी समिति**
**सौंसर जिला-पांढुरना**